प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 111-

# SECONDARY SENT-UP EXAMINATION - 2022

# माध्यमिक उत्प्रेषण परीक्षा – 2022

## SOCIAL SCIENCE

## ( Compulsory )

## सामाजिक विज्ञान

## ( अनिवार्य )

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code

**A**

विषय कोड :
**Subject Code : 111**

कुल प्रश्न : 80 + 32 = 112
**Total Questions : 80 + 32 = 112**

(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 44
**Total Printed Pages : 44**

(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — <u>**खण्ड-अ**</u> एवं <u>**खण्ड-ब**</u>।

6. **खण्ड-अ में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं** जिनमें 40 प्रश्न अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। **OMR** उत्तर-पत्रक पर दिए गए सही विकल्प को **काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

5. *This question booklet is divided into two sections — **Section-A** and **Section-B**.*

6. *In **Section-A** there are **80 objective type questions** out of which 40 questions are compulsory. If the candidate answers more than 40 questions, the first 40 answers only will be evaluated. Each question carries **1 mark**. For answering these darken the correct circle given on the OMR answer sheet with **black / blue ball pen. Do not use whitener / liquid material / blade / nail etc. on the OMR answer sheet otherwise the result will be treated invalid.***

7. **खण्ड-ब** में **सामाजिक विज्ञान** के अन्तर्गत कुल **5** विषयों के **लघु उत्तरीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **2 अंक** निर्धारित हैं।

**इतिहास** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q.Nos. 1 से 6) हैं, जिनमें **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**राजनीति विज्ञान** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 9 से 12) हैं, जिनमें **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**अर्थशास्त्र** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 15 से 18) हैं, जिनमें **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**भूगोल** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 21 से 26) हैं, जिनमें **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**आपदा प्रबन्धन** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 29 से 32) हैं, जिनमें **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

7. In **Section-B** there are Short Answer Type questions of 5 subjects of **Social Science**. Each question carries **2 marks**.

**History** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 1 to 6) out of which **any 3 questions are to be answered.**

**Political Science** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 9 to 12) out of which **any 2 questions are to be answered.**

**Economics** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 15 to 18) out of which **any 2 questions are to be answered.**

**Geography** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 21 to 26) out of which **any 3 questions are to be answered.**

**Disaster Management** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 29 to 32) out of which **any 2 questions are to be answered.**

इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।

*Apart from these, there are **8** Long Answer Type questions (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28). Each question carries **4 marks**. One Long Answer Type question each from History, Political Science, Economics and Geography is to be answered.*

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

8. *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।*** ***40 × 1 = 40***

*Question Nos. 1 to 80 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.*

*40 × 1 = 40*

1. निम्न में से किसका योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक है ?

   (A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

   (C) तृतीयक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

   Which of the following has the largest share in Gross Domestic Product ?

   (A) Primary sector (B) Secondary sector

   (C) Tertiary sector (D) None of these

2. निम्न में से कौन पूँजीवादी अर्थव्यवस्था का गुण नहीं है ?

   (A) साधनों का निजी स्वामित्व (B) निजी लाभ

   (C) कीमत यंत्र (D) सामाजिक कल्याण

Which of the following is not a characteristic of capitalist economy ?

(A) Private ownership of resources

(B) Private profit

(C) Price mechanism

(D) Social welfare

3. बिहार की अधिकतर जनसंख्या जीविका के लिए किस क्षेत्र पर निर्भर है ?

(A) कृषि (B) उद्योग

(C) सेवा (D) इनमें से कोई नहीं

Most of the population of Bihar is dependent on which sector for livelihood ?

(A) Agriculture (B) Industry

(C) Service (D) None of these

4. बैंक का एजेन्सी कार्य है

(A) ऋण देना (B) जमा स्वीकार करना

(C) बीमे की किस्त का भुगतान (D) लॉकर सुविधा देना

The agency function of banks is

(A) to give loan

(B) to accept deposits

(C) insurance premium payment

(D) to give locker facility

5. भारत के किस राज्य में प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है ?

(A) महाराष्ट्र (B) पंजाब

(C) हरियाणा (D) गोवा

Which state of India has the highest per capita income ?

(A) Maharashtra (B) Punjab

(C) Haryana (D) Goa

6. भारत में नई आर्थिक नीति कब लागू की गई ?

(A) 1950 (B) 1980

(C) 1991 (D) 1995

When was the New Economic Policy implemented in India ?

(A) 1950 (B) 1980

(C) 1991 (D) 1995

7. राष्ट्रीय मानव विकास में किस राज्य का स्थान सर्वोच्च है ?

(A) महाराष्ट्र (B) केरल

(C) दिल्ली (D) गुजरात

Which state has the highest rank in the National Human Development ?

(A) Maharashtra (B) Kerala

(C) Delhi (D) Gujarat

8. सिंगापुर की मुद्रा क्या है ?

(A) क्रोना (B) डॉलर

(C) रुबल (D) रियाल

What is the currency of Singapore ?

(A) Krona (B) Dollar

(C) Ruble (D) Rial

9. किस वित्तीय संस्थान द्वारा साख सृजन किया जाता है ?

(A) नाबार्ड (B) भारतीय रिजर्व बैंक

(C) व्यापारिक बैंक (D) इनमें से कोई नहीं

Credit creation is done by which financial institution ?

(A) NABARD (B) Reserve Bank of India

(C) Commercial bank (D) None of these

10. किसने कहा, "मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करती है" ?

(A) नैप (B) कोलबर्न

(C) हार्टले विदर्स (D) सेलिगमैन

Who said, "Money is what money does" ?

(A) Knapp (B) Coulbourn

(C) Hartley Withers (D) Saligman

11. भारत में सर्वाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र कौन है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which sector provides maximum employment opportunity in India ?

(A) Primary sector (B) Secondary sector

(C) Tertiary sector (D) None of these

12. विश्व का सर्वाधिक रोजगार प्रदान करने वाला कार्यक्रम है

(A) जवाहर रोजगार योजना (B) मनरेगा

(C) काम के बदले अनाज (D) इनमें से कोई नहीं

The maximum employment providing programme of the world is

(A) Jawahar Rojgar Yojana (B) MNREGA

(C) Food for Work (D) none of these

13. सरकार द्वारा लगाए अनावश्यक नियंत्रणों तथा प्रतिबंधों को हटाना कहलाता है

(A) निजीकरण (B) वैश्वीकरण

(C) उदारीकरण (D) राष्ट्रीयकरण

Removal of unnecessary controls and restrictions imposed by the government is called

(A) Privatization (B) Globalization

(C) Liberalization (D) Nationalization

14. भारत विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सदस्य कब बना ?

(A) 1995 (B) 1996

(C) 1997 (D) 1998

When did India become the member of World Trade Organisation ?

(A) 1995 (B) 1996

(C) 1997 (D) 1998

15. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की घोषणा कब हुई ?

(A) 1975 (B) 1986

(C) 1987 (D) 1989

When was the Consumer Protection Act announced in India ?

(A) 1975 (B) 1986

(C) 1987 (D) 1989

16. योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) महात्मा गाँधी (B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (D) पण्डित जवाहरलाल नेहरू

Who was the first Chairman of the Planning Commission ?

(A) Mahatma Gandhi (B) Sardar Vallabh Bhai Patel

(C) Dr. Rajendra Prasad (D) Pandit Jawaharlal Nehru

17. भारत में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था पाई जाती है ?

(A) पूँजीवादी (B) समाजवादी

(C) मिश्रित (D) साम्यवादी

What type of economy is found in India ?

(A) Capitalist (B) Socialist

(C) Mixed (D) Communist

18. 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रुल इन इंण्डिया' पुस्तक किसने लिखी ?

(A) प्रो० रेगनर नर्क्स (B) प्रो० एडम स्मिथ

(C) डॉ० वी.के.आर.वी. राव (D) दादाभाई नौरोजी

Who wrote the book, 'Poverty and Un-British Rule in India' ?

(A) Prof. Ragnar Nurkse (B) Prof. Adam Smith

(C) Dr. V. K. R. V. Rao (D) Dadabhai Naoroji

19. बंगाल विभाजन हुआ

(A) 1902 में (B) 1905 में

(C) 1907 में (D) 1911 में

Participation of Bengal happened in

(A) 1902 (B) 1905

(C) 1907 (D) 1911

20. मेजिनी का सम्बन्ध किस संगठन से था ?

(A) लाल सेना (B) कार्बोनरी

(C) डायट (D) इनमें से कोई नहीं

Mazzini was associated with which organisation ?

(A) Red Army (B) Carbonari

(C) Diet (D) None of these

21. यूनान को स्वतंत्रता कब मिली ?

(A) 1821 (B) 1832

(C) 1841 (D) 1851

When did Greece get independence ?

(A) 1821 (B) 1832

(C) 1841 (D) 1851

22. सेडॉन के युद्ध में किसकी पराजय हुई ?

(A) फ्रांस (B) प्रशिया

(C) रूस (D) जर्मनी

Which country was defeated in the battle of Sedan ?

(A) France (B) Prussia

(C) Russia (D) Germany

23. रूस में ड्यूमा का गठन कब हुआ ?

(A) 1830 (B) 1905

(C) 1910 (D) 1920

When was Duma formed in Russia ?

(A) 1830 (B) 1905

(C) 1910 (D) 1920

24. अप्रैल थीसिस किसने पेश की ?

(A) बिस्मार्क (B) मेटरनिख

(C) मेजिनी (D) लेनिन

Who introduced April theses ?

(A) Bismarck (B) Metternich

(C) Mazzini (D) Lenin

25. विश्व का पहला समाजवादी देश कौन है ?

(A) रूस (B) चीन

(C) वियतनाम (D) क्यूबा

What is the first socialist country of the world ?

(A) Russia (B) China

(C) Vietnam (D) Cuba

26. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) फ्रांस (B) इटली

(C) जर्मनी (D) रूस

Where was Karl Marx born ?

(A) France (B) Italy

(C) Germany (D) Russia

27. वियतनाम की राजधानी कहाँ है ?

(A) हनोई (B) विनतिएन

(C) बैंकॉक (D) प्योंगयांग

Where is the capital of Vietnam ?

(A) Hanoi (B) Vientiane

(C) Bangkok (D) Pyongyang

28. किस समझौते के तहत वियतनाम को दो भागों (उत्तरी वियतनाम और दक्षिण वियतनाम) में बाँटा गया ?

(A) पेरिस समझौता (B) हनोई समझौता

(C) जेनेवा समझौता (D) इनमें से कोई नहीं

Under which agreement was Vietnam divided into two parts (North Vietnam and South Vietnam) ?

(A) Paris Agreement (B) Hanoi Agreement

(C) Geneva Agreement (D) None of these

29. कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई थी ?

(A) लाहौर अधिवेशन (B) बम्बई अधिवेशन

(C) नागपुर अधिवेशन (D) गया अधिवेशन

In which session of Congress was Purna Swaraj announced ?

(A) Lahore Session (B) Bombay Session

(C) Nagpur Session (D) Gaya Session

30. धरासना में किनके नेतृत्व में नमक सत्याग्रह हुआ ?

(A) सी. राजगोपालाचारी
(B) के. केलप्पन
(C) सरोजिनी नायडू
(D) खान अब्दुल गफ्फार खान

Under whose leadership Salt Satyagraha was held in Dharasana ?

(A) C. Rajagopalachari
(B) K. Kelappan
(C) Sarojini Naidu
(D) Khan Abdul Ghaffar Khan

31. इस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना कब हुई ?

(A) 1838
(B) 1876
(C) 1943
(D) 1866

When was the East India Association formed ?

(A) 1838
(B) 1876
(C) 1943
(D) 1866

32. गदर पार्टी की स्थापना किसने की थी ?

(A) गुरदयाल सिंह
(B) चन्द्रशेखर आजाद
(C) सोहन सिंह भकना
(D) बाल गंगाधर तिलक

Who had founded Gadar Party ?

(A) Gurdayal Singh (B) Chandra Shekhar Azad

(C) Sohan Singh Bhakna (D) Bal Gangadhar Tilak

33. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना कब हुई थी ?

(A) 1907 (B) 1915

(C) 1923 (D) 1916

When was the Tata Iron and Steel Company established ?

(A) 1907 (B) 1915

(C) 1923 (D) 1916

34. स्पिनिंग म्यूल का आविष्कार किसने किया ?

(A) जेम्स हारग्रीब्ज (B) सैमुएल क्रॉम्पटन

(C) जॉन के (D) एडमण्ड कार्टराईट

Who invented the Spinning Mule ?

(A) James Hargreaves (B) Samuel Crompton

(C) John Kay (D) Edmund Cartwright

35. सामंती व्यवस्था के स्थान पर किस प्रकार की शहरी व्यवस्था की प्रवृत्ति बढ़ी ?

(A) प्रगतिशील (B) आक्रामक

(C) रूढ़िवादी (D) शोषणकारी

Which type of urban system tended to grow in place of Feudal system ?

(A) Progressive (B) Aggressive

(C) Conservative (D) Exploitative

36. 1929 की मंदी का सबसे बुरा प्रभाव किस देश पर पड़ा ?

(A) ब्रिटेन (B) फ्रांस

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D) जापान

Which country was worst affected by the great depression of 1929 ?

(A) Britain (B) France

(C) United States of America (D) Japan

37. 'न्यू डील' का सम्बन्ध निम्न में से किससे था ?

(A) राजनीतिक नीति (B) सामाजिक नीति

(C) धार्मिक नीति (D) आर्थिक नीति

Which of the following was related to the 'New Deal' ?

(A) Political Policy (B) Social Policy

(C) Religious Policy (D) Economic Policy

38. अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना कब हुई ?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1948

When was International Monetary Fund established ?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1948

39. मुद्रण कला का आविष्कार कहाँ हुआ ?

(A) जापान (B) उत्तरी कोरिया

(C) चीन (D) ब्रिटेन

Where was the art of printing invented ?

(A) Japan (B) North Korea

(C) China (D) Britain

40. प्रथम पेपर मिल की स्थापना किस देश में हुई ?

(A) फ्रांस (B) जर्मनी

(C) इटली (D) चीन

The first paper mill was established in which country ?

(A) France (B) Germany

(C) Italy (D) China

41. 'नाइन्टी-फाइव थेसेस' के लेखक कौन हैं ?

(A) हिगल (B) टॉल्सटाय

(C) माण्टेस्क्यू (D) मार्टिन लूथर

Who is the author of 'Ninety-five Theses' ?

(A) Hegel (B) Tolstoy

(C) Montesquieu (D) Martin Luther

42. 'संवाद-कौमुदी' किस भाषा का समाचार पत्र था ?

(A) बंगला (B) हिन्दी

(C) मराठी (D) अंग्रेजी

'Sambad Kaumudi' newspaper was of which language ?

(A) Bengali (B) Hindi

(C) Marathi (D) English

43. रूसो कहाँ का दार्शनिक था ?

(A) फ्रांस (B) अमेरिका

(C) रूस (D) चीन

Rousseau was a philosopher of which country ?

(A) France (B) America

(C) Russia (D) China

44. गोलघर का निर्माण कब हुआ था ?

(A) 1786 (B) 1768

(C) 1832 (D) 1788

When was Golghar constructed ?

(A) 1786 (B) 1768

(C) 1832 (D) 1788

45. असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव काँग्रेस के किस अधिवेशन में पारित हुआ था ?

(A) सितम्बर 1920, कलकत्ता (B) अक्टूबर 1920, अहमदाबाद

(C) नवम्बर 1920, फैजपुर (D) दिसम्बर 1920, नागपुर

In which session of Congress was the resolution of Non-cooperation Movement passed ?

(A) September 1920, Calcutta

(B) October 1920, Ahmadabad

(C) November 1920, Faizpur

(D) December 1920, Nagpur

46. ताशकंद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना किसने की ?

(A) व्योमेशचन्द्र बनर्जी (B) एम. एन. राय

(C) सत्यभक्त (D) एस. ए. डांगे

Who founded the Communist Party of India in Tashkent ?

(A) Womesh Chandra Banerjee

(B) M. N. Roy

(C) Satyabhakta

(D) S. A. Dange

47. 'यंग इटली' की स्थापना किसने की थी ?

(A) मेजिनी (B) लेनिन

(C) स्टालिन (D) गैरीबाल्डी

Who founded the 'Young Italy' ?

(A) Mazzini (B) Lenin

(C) Stalin (D) Garibaldi

48. भारतीय संविधान सभा का गठन कब हुआ था ?

(A) 1946 (B) 1947

(C) 1948 (D) 1949

When was the Constituent Assembly of India constituted ?

(A) 1946 (B) 1947

(C) 1948 (D) 1949

49. निम्न में से कौन संघ सूची में है ?

(A) शिक्षा (B) संचार

(C) स्वास्थ्य (D) पुलिस

Which of the following is in the Union List ?

(A) Education (B) Communication

(C) Health (D) Police

50. संविधान संशोधन हेतु संसद के दोनों सदनों में कितना बहुमत आवश्यक है ?

(A) एक-तिहाई (B) एक-चौथाई

(C) दो-तिहाई (D) इनमें से कोई नहीं

How much majority is required in both the Houses of Parliament for the amendment of the constitution ?

(A) One-third (B) One-fourth

(C) Two-third (D) None of these

51. राष्ट्रीय स्तर पर पंचायती राज प्रणाली की शुरुआत किस समिति की अनुशंसा पर हुई ?

(A) अशोक मेहता समिति (B) वर्मा समिति

(C) केलकर समिति (D) बलवंत राय मेहता समिति

On the recommendation of which committee was the Panchayati Raj system started at the national level ?

(A) Ashok Mehta Committee

(B) Verma Committee

(C) Kelkar Committee

(D) Balwant Rai Mehta Committee

52. संविधान का कौन-सा संशोधन विधेयक पंचायती राज प्रणाली से सम्बन्धित है ?

(A) 72 वां
(B) 73 वां
(C) 74 वां
(D) 75 वां

Which amendment bill of constitution is related to Panchayati Raj system ?

(A) 72nd
(B) 73rd
(C) 74th
(D) 75th

53. पंचायती राज व्यवस्था का दूसरा स्तर निम्न में से कौन है ?

(A) जिला परिषद
(B) ग्राम पंचायत
(C) पंचायत समिति
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the second level of Panchayati Raj system ?

(A) Zilla Parishad
(B) Gram Panchayat
(C) Panchayat Samiti
(D) None of these

54. 1975 के आपातकाल के समय प्रधानमंत्री कौन थे ?

(A) इंदिरा गाँधी
(B) राजीव गाँधी
(C) नरसिम्हा राव
(D) एच. डी. देवगौड़ा

Who was the Prime Minister during the emergency of 1975 ?

(A) Indira Gandhi (B) Rajeev Gandhi

(C) Narasimha Rao (D) H. D. Deve Gowda

55. चिपको आंदोलन का प्रारंभ किस राज्य से हुआ ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) उत्तराखंड

(C) बिहार (D) असम

Chipko Movement originated in which state ?

(A) Uttar Pradesh (B) Uttarakhand

(C) Bihar (D) Assam

56. निम्न में से कौन राष्ट्रीय राजनीतिक दल है ?

(A) लोक जनशक्ति पार्टी (B) जनता दल यूनाइटेड

(C) राष्ट्रीय जनता दल (D) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

Which of the following is a national political party ?

(A) Lok Janshakti Party (B) Janta Dal United

(C) Rashtriya Janta Dal (D) Communist Party of India

57. सूचना का अधिकार आंदोलन कहाँ शुरू हुआ ?

(A) राजस्थान (B) दिल्ली

(C) बिहार (D) गुजरात

Where did the Right to Information Movement start ?

(A) Rajasthan (B) Delhi

(C) Bihar (D) Gujarat

58. महापौर का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है ?

(A) 4 वर्ष (B) 5 वर्ष

(C) 6 वर्ष (D) 7 वर्ष

How long is the tenure of Mayor ?

(A) 4 years (B) 5 years

(C) 6 years (D) 7 years

59. हरित क्रांति से किस राज्य को आर्थिक लाभ हुआ ?

(A) हरियाणा (B) पंजाब

(C) उत्तर प्रदेश (D) इनमें से सभी

Which state got economic benefit from the Green Revolution ?

(A) Haryana (B) Punjab

(C) Uttar Pradesh (D) All of these

60. पानी के निजीकरण के विरुद्ध कहाँ संघर्ष हुआ ?

(A) नेपाल
(B) श्रीलंका
(C) बांग्लादेश
(D) बोलिविया

Where did the struggle against privatization of water take place ?

(A) Nepal
(B) Sri Lanka
(C) Bangladesh
(D) Bolivia

61. भारत में किस प्रकार की दलीय व्यवस्था है ?

(A) एक-दलीय व्यवस्था
(B) द्विदलीय व्यवस्था
(C) बहुदलीय व्यवस्था
(D) इनमें से कोई नहीं

What type of party system is there in India ?

(A) One-Party system
(B) Two-Party system
(C) Multi-Party system
(D) None of these

62. माधव कुमार किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री हैं ?

(A) श्रीलंका
(B) नेपाल
(C) भूटान
(D) बांग्लादेश

Madhav Kumar is the former Prime Minister of which country ?

(A) Sri Lanka
(B) Nepal
(C) Bhutan
(D) Bangladesh

63. भारत में प्रथम चीनी मिल की स्थापना किस राज्य में की गई थी ?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

In which state was the first sugar mill established in India ?

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Maharashtra (D) Karnataka

64. चरक का सम्बन्ध किस देश से था ?

(A) म्यांमार (B) श्रीलंका

(C) भारत (D) नेपाल

Charak was related to which country ?

(A) Myanmar (B) Sri Lanka

(C) India (D) Nepal

65. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ है ?

(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र (D) गुजरात

Where is Kanha National Park ?

(A) Madhya Pradesh (B) Uttar Pradesh

(C) Maharashtra (D) Gujarat

66. महासागरीय संसाधनों पर देश का आधिपत्य होता है

(A) 200 किमी तक (B) 250 किमी तक

(C) 150 किमी तक (D) 300 किमी तक

A country has control over the marine resources up to

(A) 200 km (B) 250 km

(C) 150 km (D) 300 km

67. निम्न में से कौन स्वामित्व के आधार पर संसाधनों के वर्गीकरण का प्रकार नहीं है. ?

(A) व्यक्तिगत (B) सामुदायिक

(C) नवीकरणीय (D) राष्ट्रीय

Which of the following is not a type of classification of resources on the basis of ownership ?

(A) Individual (B) Community

(C) Renewable (D) National

68. किस नदी की उत्पत्ति अमरकंटक से हुई है ?

(A) गण्डक (B) पुनपुन

(C) सोन (D) कोसी

Which river has originated from Amarkantak ?

(A) Gandak (B) Punpun

(C) Sone (D) Kosi

69. बिहार में कितना प्रतिशत कृषि क्षेत्र है ?

(A) 60 (B) 50

(C) 55 (D) 65

What is the percentage of agricultural area in Bihar ?

(A) 60 (B) 50

(C) 55 (D) 65

70. श्वेत क्रांति सम्बन्धित है

(A) मशरुम से (B) अंडा से

(C) दूध से (D) इनमें से कोई नहीं

White revolution is related to

(A) Mushroom (B) Egg

(C) Milk (D) none of these

71. रबड़ की खेती के लिए कैसी जलवायु चाहिए ?

(A) समशीतोष्ण जलवायु (B) भूमध्यरेखीय जलवायु

(C) शुष्क जलवायु (D) इनमें से कोई नहीं

Which climate is needed for the cultivation of rubber ?

(A) Temperate climate (B) Equatorial climate

(C) Dry climate (D) None of these

72. कौन-सी फसल रबी और खरीफ दोनों के रूप में उगायी जाती है ?

(A) गेहूँ (B) चावल

(C) मूँगफली (D) अरंडी

Which crop is grown as rabi and kharif both ?

(A) Wheat (B) Rice

(C) Groundnut (D) Castor seed

73. दामोदर घाटी परियोजना का लाभ किन राज्यों को मिलता है ?

(A) राजस्थान और हिमाचल प्रदेश (B) ओडिशा और पश्चिम बंगाल

(C) झारखण्ड और पश्चिम बंगाल (D) झारखण्ड और छत्तीसगढ़

Which states get the benefit of Damodar Valley Project ?

(A) Rajasthan and Himachal Pradesh

(B) Odisha and West Bengal

(C) Jharkhand and West Bengal

(D) Jharkhand and Chhattisgarh

74. निम्न में से कौन लौह अयस्क का एक प्रकार है ?

(A) लिगनाइट (B) हेमाटाइट

(C) बिटुमिनस (D) पीट

Which of the following is a type of iron ore ?

(A) Lignite (B) Haematite

(C) Bituminous (D) Peat

75. टेक्सोल का उपयोग होता है

(A) मलेरिया में (B) कैंसर में

(C) एड्स में (D) टी. बी. में

Taxol is used in

(A) Malaria (B) Cancer

(C) AIDS (D) T.B.

76. बिहार का कौन क्षेत्र सूखा प्रवण है ?

(A) उत्तर बिहार (B) दक्षिण बिहार

(C) पूर्वी बिहार (D) इनमें से कोई नहीं

Which part of Bihar is drought prone ?

(A) North Bihar (B) South Bihar

(C) East Bihar (D) None of these

77. भूकंप केन्द्र के ऊर्ध्वाधर पृथ्वी सतह पर स्थित केन्द्र को कहते हैं

(A) उपकेन्द्र (B) भूकंप केन्द्र

(C) अधिकेन्द्र (D) इनमें से कोई नहीं

The centre on the earth's surface vertically above the focus of an earthquake is called

(A) Sub-centre (B) Earthquake centre

(C) Epicentre (D) none of these

78. निम्न में से किसे सर्वाधिक खतरनाक सुखाड़ माना जाता है ?

(A) सामान्य सुखाड़ (B) कृषि सुखाड़

(C) मौसमी सुखाड़ (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is considered as the most dangerous drought ?

(A) Normal drought (B) Agricultural drought

(C) Seasonal drought (D) None of these

79. बाढ़ से हानि होती है

(A) फसलों को (B) पशुओं को

(C) भवनों को (D) इनमें से सभी

Flood causes damage to

(A) Crops (B) Animals

(C) Buildings (D) All of these

80. निम्न में से कौन प्राकृतिक आपदा है ?

(A) साम्प्रदायिक दंगे (B) आतंकवाद

(C) सुनामी (D) परमाणु विस्फोट

Which of the following is a natural disaster ?

(A) Communal riots (B) Terrorism

(C) Tsunami (D) Nuclear blast

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **$3 \times 2 = 6$**

*Question Nos. 1 to 6 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* $3 \times 2 = 6$

1. स्लम पद्धति की शुरुआत कैसे हुई ? 2

   How did slum system begin ?

2. औद्योगिक क्रांति के किन्हीं दो सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख करें। 2

   State any two positive effects of industrial revolution.

3. सर्वहारा वर्ग क्या है ? 2

   What is proletariat ?

4. जेनेवा समझौता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2

   Write a short note on Geneva agreement.

5. स्वराज पार्टी की स्थापना का क्या उद्देश्य था ? 2

   What was the aim of establishment of Swaraj Party ?

6. औद्योगीकरण ने किस प्रकार उपनिवेशवाद को जन्म दिया ? 2

How did industrialization lead to colonialism ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***$1 \times 4 = 4$***

*Question Nos. 7 and 8 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *$1 \times 4 = 4$*

7. जर्मनी के एकीकरण में बिस्मार्क की भूमिका का वर्णन करें। 4

Describe the role of Bismarck in the unification of Germany.

8. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भूमिका की विवेचना करें। 4

Discuss the role of Indian National Congress in Indian national movement.

# राजनीति विज्ञान / Political Science

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** ***2 × 2 = 4***

*Question Nos. 9 to 12 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

9. सत्ता के क्षैतिज वितरण और ऊर्ध्वाधर वितरण में अन्तर स्पष्ट करें। 2

   **Differentiate between the horizontal and vertical distribution of power.**

10. समवर्ती सूची का क्या अभिप्राय है ? 2

    **What is meant by concurrent list ?**

11. ग्राम पंचायत की आय के स्रोत बताइए। 2

    **State the sources of income of Gram Panchayat.**

12. बिहार में हुए 'छात्र आंदोलन' के प्रमुख कारण क्या थे ? 2

    **What were the main causes of Student Movement in Bihar ?**

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 13 and 14 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

13. संघीय शासन व्यवस्था की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 4

Write the main features of federal government system.

14. नगर परिषद के संगठन और कार्यों का वर्णन करें। 4

Describe the composition and functions of Nagar Parishad.

## अर्थशास्त्र / Economics

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 15 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

15. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by foreign direct investment ?

16. अर्थव्यवस्था को परिभाषित करें। 2

Define economy.

17. आर्थिक अवसंरचना क्या है ? 2

What is economic infrastructure ?

18. कोपरा क्या है ? 2

What is Copra ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

19. 1991 के आर्थिक सुधारों से आप क्या समझते हैं ? भारत में इन सुधारों की आवश्यकता क्यों हुई ? 4

What do you understand by the Economic reform of 1991 ? Why were these reforms needed in India ?

20. आर्थिक विकास क्या है ? आर्थिक विकास एवं आर्थिक वृद्धि में अन्तर की व्याख्या करें। 4

What is economic development ? Explain the difference between economic development and economic growth.

# भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **3 × 2 = 6**

*Question Nos. 21 to 26 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *3 × 2 = 6*

21. खनिज क्या है ? 2

What is mineral ?

22. लौह अयस्क के प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए। 2

Name the major iron ore producing states.

23. तापीय प्रदूषण को परिभाषित करें। 2

Define thermal pollution.

24. नदी घाटी परियोजना को बहुउद्देशीय क्यों कहा जाता है ? 2

Why is river valley project called multipurpose ?

25. मृदा के किन्हीं दो प्रकारों का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 2

Give a brief account of any two types of soil.

26. सतत विकास क्या है ? 2

What is sustainable development ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 27 एवं 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।** **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 27 and 28 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

27. भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव की व्याख्या करें। 4

    Explain the impact of globalization on Indian economy.

28. भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता के क्या कारण हैं ? 4

    What are the reasons for the low productivity of Indian agriculture ?

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।** **2 × 2 = 4**

*Question Nos. 29 to 32 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* https://www.bihartopper.com *2 × 2 = 4*

29. प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

    Explain the difference between natural disaster and man-made disaster with examples.

30. बाढ़ से सुरक्षा हेतु सावधानियों का उल्लेख करें। 2

Mention the precautions for protection from flood.

31. आग लगने की स्थिति में क्या प्रबंधन करना चाहिए ? 2

What management should be done in case of fire ?

32. सामान्य संचार व्यवस्था के बाधित होने के प्रमुख कारणों को लिखिए। 2

Write the main reasons for the disruption of normal communication system.